email

पत्र संख्या–12/स्था0–01–02/2025...../

बिहार सरकार

जल संसाधन विभाग

प्रेषक,

मनीष आनंद,
अवर सचिव (प्रबंधन)।

सेवा मे,

कार्यपालक अभियंता,
लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, जमुई।

पटना, दिनांक–

विषयः– श्री बिकेश कुमार, नवनियुक्त कनीय अभियंता (असैनिक), लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, जमुई के नियुक्ति पत्र की सम्पुष्टि के संबंध में।

प्रसंगः– आपका पत्रांक–2262 दिनांक 11.09.2026

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के संबध में कहना है कि बिहार तकनीकी सेवा आयोग की विज्ञापन संख्या–01/2019 के अंतर्गत प्राप्त अनुशंसा के आलोक में विभागीय आदेश संख्या–472 दिनांक 31.01.2025 तथा विभागीय आदेश संख्या–1482 दिनांक 04.04.2025 एवं विभागीय आदेश संख्या–1483 दिनांक 04.04.2025 तथा विभागीय आदेश संख्या–3825 दिनांक 13.08.2025 के द्वारा कनीय अभियंताओं (असैनिक) की नियुक्ति की गयी।

तदोपरान्त उक्त कनीय अभियंताओं को विभागान्तर्गत विभिन्न कार्यालयों/अन्य विभागों में पदस्थापित किया गया। उक्त आदेश की कंडिका–08 में वर्णित प्रावधान के आलोक में आपके द्वारा श्री बिकेश कुमार, नवनियुक्त कनीय अभियंता (असैनिक), लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, जमुई के नियुक्ति पत्र की संपुष्टि से संबंधित प्रस्ताव उपलब्ध कराया गया है।

अतः श्री बिकेश कुमार, नवनियुक्त कनीय अभियंता (असैनिक) के नियुक्ति पत्र की सम्पुष्टि इस आधार पर की जा रही है कि आपके द्वारा उन्हीं नवनियुक्त कनीय अभियंता की नियुक्ति सम्पुष्टि हेतु अनुशंसा की गयी है, जिनका विभागीय स्तर से नियुक्ति के उपरांत पदस्थापन आपके कार्यालय में किया गया है।

2. नवनियुक्त कनीय अभियंताओं का विभागीय वेबसाइट पर उपलब्ध नियुक्ति एवं पदस्थापन आदेश से मिलान कर संबंधित नियंत्री पदाधिकारी/कार्यालय प्रधान अपने स्तर से पुनः संतुष्ट हो लेंगे, साथ ही कोई त्रुटि परिलक्षित होने पर नियंत्री पदाधिकारी सीधे अधोहस्ताक्षरी को वाँछित अभिलेख/सूचना के साथ प्रतिवेदित करेंगे।

विश्वासभाजन

ह०/–
(मनीष आनंद)
अवर सचिव (प्रबंधन)।

ज्ञापांक–12/स्था0–01–02/2025.6050 /पटना, दिनांक– 15/10/2026

प्रतिलिपिः–कार्यपालक अभियंता, आई0टी0, जल संसाधन विभाग को विभागीय वेबसाइट पर अपलोड करने एवं संबंधित सभी पदाधिकारियों के ई–मेल पता पर भेजने हेतु प्रेषित।

M.Q.A.S 14/10/26
अवर सचिव (प्रबंधन)।